मान्यवर, यह उनकी बहुत बड़ी महानता हुई और उस कुर्सी पर बठकर उन्होंने जो निर्देश दिए, वह प्रेरणा, सादगी, विनम्रता ,विद्वता समाज को आगे बढ़ा सकती है मान्यवर, स्वर्गीय आत्माराम गोविन्द खेर ऐसे व्यक्तित्व के थ कि जब भी कोई जटिल से जटिल प्रश्न इस सदन के सामने आया और वह प्रश्न ऐसे थे कि पहले जो इस सम्बन्ध में रूलिंग्स जो कुछ हो चुकी थीं, लेकिन अगर वह रूलिंग्स सदन की उस समय की मर्यादा और गौरव को देखने में और लोकतांत्रिक प्रणाली को उन मर्यादा को कायम करने में उस हद तक सक्षम न बन सकीं, तो उन्होंने ऐसी रूलिंग्स इस सदन में दी कि वे लोग भी जो उनकी तरफ यह निगाह लगाए बैठे रहते थे कि अध्यक्ष क्या निर्देश देते हैं, क्या रूलिंग देते हैं, वह भी सन्तुष्ट हो कर गये। मान्यवर, ऐसे लोगों के चले जाने से यह उत्तर प्रदेश की विधान सभा ही नहीं दुखी है बल्कि पूरा देश दुःखी है। मान्यवर, कुछ ऐसा सोचने और समझने में आ रहा है कि अगर उन मान्यताओं का उन मर्यादाओं का आगे आने वाली पीढ़ियां आदरतापूर्वक निर्वहन न कर सकेंगी, तो यह लोकतांत्रिक प्रणाली पर एक चोट होगी। मान्यवर, ऐसे व्यक्ति के निधन पर म स्वयं और अपनी पार्टी की ओर से निवेदन करता हूं कि मेरी शोक सम्वेदना के शोक सन्तप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करेंगे मान्यवर, मैं यह कहना चाहूंगा कि हम सब लोग जो इस लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए कटिबद्ध हैं, उसको कायम रखने के लिए हम उनसे सबक लेकर ऐसा काम करें ताकि दिन प्रति दिन यह लोकतांत्रिक प्रणाली सुदृढ़ रहे।

श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त—

मान्यवर, स्वर्गीय आत्मा राम गोविन्द खेर के सम्बन्ध में अभी नेता सदन और नेता विरोधी दल ने अपने शोकोद्गार व्यक्त किए, मैं उनसे अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं।

मान्यवर, स्वर्गीय श्री आत्माराम गोविन्द खेर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। इस प्रदेश में उन्होंने अपने जीवन-काल में कुछ समय के लिए मन्त्री पद को भी सुशोभित किया और एक अच्छे प्रशासक के नाते अच्छी ख्याति अर्जित किया। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने इस सदन के अध्यक्ष पद को उस समय सुशोभित किया जब हमारे देश का वर्तमान संविधान थोड़े दिन पहले स्वीकार किया गया था। उस समय हमारे सदन की नियमावली भी इतनी पुष्ट नहीं थी। उन्होंने अपनी अच्छी व्यवस्थाओं से जिस ढंग से इस आदरणीय सदन का कार्य-संचालन किया, नीति निर्देशक तत्व प्रदर्शित किया, वह सदा मार्ग-दर्शन करते रहेंगे। श्री खेर बहुत ही अच्छे ढंग से और सहृदयता के साथ सदन का कार्य संचालन करते थे। उन्होंने जिस मधुर व्यवहार का प्रदर्शन किया, आज हमारे बीच में न होने के कारण पूरे प्रदेश को बहुत बड़ी क्षति हुई है। मैं अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से स्वर्गीय श्री खेर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करूंगा कि हमारी भावनाएं उनके शोक सन्तप्त परिवार तक पहुंचा दी जायं।

श्री हरी किशन श्रीवास्तव—

माननीय श्री आत्मा राम गोविन्द खेर के निधन पर जो भावनाएं माननीय नेता, सदन एवं अन्य दलों के नेताओं ने व्यक्त किया है, उनसे मैं अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे निवेदन करूंगा कि हमारे जो श्रद्धांजलि के शब्द हैं उन भावनाओं को उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें। श्री आत्मा राम गोविन्द खेर ने जो व्यवस्थाएं इस सदन में दी हैं वह आने वाले समय में माननीय सदस्यों के लिए और जो भी उस स्थान को ग्रहण करेंगे, उनके लिए प्ररणा के रूप में रहेंगी। अक्सर ऐसे अवसर पड़ते हैं जब हम लोगों को लाइब्रेरी में उन व्यवस्थाओं को पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। उसी विचार से हम कहते हैं कि किस समय में वह ऐसी व्यवस्थाएं दिए थे कि जिससे पूरा सदन सन्तुष्ट होता था और सत्ता और विपक्ष यह समझता था कि हमारे साथ न्याय हो रहा है। जैसा मैंने कहा कृपया हमारी सम्वेदना को उनके परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

श्री भीखा लाल—

अध्यक्ष महोदय, स्वर्गीय श्री आत्माराम गोविन्द खेर के सम्बन्ध में जो विचार नेता, सदन और अन्य नेताओं ने व्यक्त किया है मैं उनसे अपने और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं।

स्वर्गीय श्री खेर जिस समय इस सदन में अध्यक्ष पद पर आसीन थे उस समय हमें भी कार्य करने का अवसर मिला। उस समय कभी-कभी सदन में ऐसी तनाव की स्थिति पैदा हो जाती थी कि सदस्यगण अपना सन्तुलन खो देते थे किन्तु श्री खेर कभी भी अपना धैर्य नहीं खोते थें, बल्कि बड़े ही मधुर रूप में सदन का काम चलाते थे और कामयाबी हासिल करते थ। उन्होंने जो व्यवस्थाएं दी हैं वह इस कुर्सी पर जो भी बैठेगा उसके लिए आदर्श के रूप में होगा, उनके निधन से हमारे प्रदेश की बहुत क्षति हुई है। मैं स्वर्गीय आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करूंगा कि हमारी भावनाएं उनके शोक सन्तप्त परिवार तक पहुंचा दी जायें।

श्री रियासत हुसैन—

श्रीमन्, स्वर्गीय श्री आत्माराम गोविन्द खेर के सम्बन्ध में नेता सदन और अन्य दलों के नेताओं ने जो विचार प्रकट किये हैं मैं अपने को और अपने दल को उनसे सम्बद्ध करता हूं। श्रीमन्, खेर साहब की अध्यक्षता में मुझे काफी समय तक यहां माननीय सदन में काम

[श्री रियासत हुसैन--]
करने का मौका मिला है। तो मैंने 2-3 बात उनमें विशेष रूप से पाई। एक तो उनमें बड़प्पन था। इस सिलसिले में मुझे याद है कि जब एक बार हाउस में अव्यवस्था फैली तो उन्होंने सारे ही विरोधी पक्ष के सदस्यों को सदन से बाहर निकाल दिया और फिर उनको एहसास हुआ कि इस सारे विरोधी पक्ष में कुछ ऐसे लोग चले गये जो बहुत व्यवस्थित रूप से बैठं थे। तो उन्होंने स्वयं फिर अध्यक्ष पद से कहा कि यह एक ऐसी बात हो गयी जो नहीं होनी चाहिए थी तो फिर उन्होंने इस चीज को एहसास किया और माननीय सदन से कहा कि वह लोग वापस आ जायं जिन्होंने अव्यवस्था नहीं फैलायी थी।

इसलिए उन्होंने यह बात बिना किसी के कहे हुए कही थी जोकि उनके बड़प्पन की निशानी है। उनकी दूसरी बात जो प्रजातन्त्र और सदन के साथ जुड़ी है वह ऐतिहासिक रूलिंग है जो उन्होंने अध्यक्ष की हैसियत से दिया था। इस सम्बन्ध में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि इस माननीय सदन में जरा-जरा सी बात पर पुलिस बुला ली जाती थी लेकिन स्वर्गीय खेर साहब की देन है कि इस तरह की व्यवस्था हुई कि एक बार जब अव्यवस्था फैली तो एक समिति गठित करने की बात हुई तो समिति का गठन किया गया और उसने निर्णय लिया उनके आधार पर यहां सदन में पुलिस का आना बन्द हुआ और गार्डों की व्यवस्था की गयी। इसी तरह आज सदन देख रहा है कि राष्ट्रीयध्वज सबसे ऊपर लगा हुआ है जबकि उसके पहले राष्ट्रीय-ध्वज यहां दायें बायें लगा था लेकिन यहां प्रश्न उठा और फिर उस पर समिति गठित हुई जिसने निर्णय लिया कि राष्ट्रीय-ध्वज ऊपर लगना चाहिए, तो आज यह उन्हीं की देन है।

इस प्रकार उन्होंने बाहर रह कर समाज की सेवा की, मन्त्री पद पर रहकर जनता की सेवा और अध्यक्ष पद पर रहकर उन्होंने इस माननीय सदन की सेवा किया ह। उनकी सेवा करने का ढंग हमेशा अनोखा रहा है और उनकी सेवाएं आज भी और आगे भी रूलिंग के रूप में कोट करते रहे हैं और करते रहेंगे। इसी तरह उनके द्वारा दिए गय निर्णय भी कोट होते रहेंगे। इस प्रकार उन्होंने जो सेवा किया ह वह भुलाई नही जा सकती है। इसलिए एक बार पुनः फिर श्रद्धांजलि उनको अर्पित करता हूं और उनके दुखित परिवार को हमारी और हमारे दल की ओर से श्रद्धांजलि के पुष्प सदन उन तक पहुंचान की कृपा करे।

श्री राम आसरे वर्मा--

मान्यवर, माननीय खेर साहब के बारे में जो उद्गार माननीय नेता सदन और माननीय उप नेता विरोधी दल एवं अन्य नेताओं ने व्यक्त किए हैं उनसे मैं अपने को और अपन प्रगतिशील विधायक दल को सम्बद्ध करता हूं। मान्यवर, खेर साहब के सन्निकट में रहने का मुझे सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ लेकिन उनकी सादगी, साहस और उनकी विद्वता की कहानी अवश्य सुनने को मिलती रही है। मान्यवर, अध्यक्ष-पीठ से जो व्यवस्थाएं और निर्देश उन्होंने दिए हैं वह संसदीय परम्परा के इतिहास की एक कड़ी बन गयी है। इतना कहते हुए मैं अपनी ओर से और अपने प्रगतिशील विधायक दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी ओर से श्रद्धांजलि के पुष्प उनके शोक सन्तप्त परिवार तक और उनके प्रियजनों तक पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष--

स्वर्गीय खेर साहब के सम्बन्ध में जो विचार माननीय नेता सदन, माननीय नेता लोक दल तथा अन्य सभी दलों के नेतागण ने व्यक्त किए हैं मैं उनसे अपने को सम्बद्ध करता हूं। स्वर्गीय खेर साहब एक बहुत लम्बे राजनैतिक, सामाजिक जीवन को बिता कर हमसे अलग हुए। उन्होंने अपनी शिक्षा समाप्त करने के बाद 1919 में वकालत प्रारम्भ की और तभी से वह इस देश की आजादी की लड़ाई से जुट गए। उसमें अनेकों बार वह जेल गये और सर्वप्रथम 1937 में वह विधान सभा के सदस्य के रूप में यहां आये। उसके

बाद 1952 में 1967 तथा 1969 में भी वह विधान सभा के सदस्य चुने गये । संसदीय सचिव के रूप में और मन्त्री के रूप में भी खर साहब ने अपनी योग्यता का प्रमाण दिया और 15 वर्षों तक विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंनें इस प्रदेश में कार्य किया। मैंने जानने की कोशिश की थी तो इससे अधिक लम्बे समय तक विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने में भारतवर्ष में किसी और का नाम सामने नहीं आया।

इस तरह से उन्होंने इस प्रान्त के राजनैतिक जीवन में और संसदीय जीवन में बहुत अधिक सक्रिय रूप से प्रभावित किया। उनका स्वभाव और उनकी कार्य प्रणाली तथा वेशभूषा और भारतीय संस्कृति के प्रति उनको जो लगन थी और जिस तरह से उसमें वह अपने को लगाए रहे थे वह ऐसी बात नहीं है जो किसी से बताने की हो वह अपने आप उजागर है। ऐसे व्यक्ति के निधन से सब को अपार दुख और सम्वेदना है । वह अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके परिवार के लिए, जो आपकी तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी है, जो आपने सम्वेदना व्यक्त की है, और जो मेरी तरफ से श्रद्धांजलि है उसको मैं उनके शोक सन्तप्त परिवार तक भिजवा दूंगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शान्ति मिले और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति मिले। अब हम लोग 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

(सभी सदस्य अपने-अपने स्थान पर दो मिनट के लिए मौन खड़ हुए।)

आज सदन की बैठक स्थगित किये जाने की सूचना

श्री अध्यक्ष—

यह सभी नेताओं की बैठक में भी तय हुआ था और सबकी सहमति से अब आज स्व0 खेर साहब के सम्मान में यह सदन स्थगित किया जाता है। अब 18 तारीख को 11 बज हम फिर बैठेंग ।

(इसके बाद सदन 1 बजकर 29 मिनट पर सोमवार, 18 जनवरी, 1982 के दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया ।)

सत्य प्रिय सिंह,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ :
15 जनवरी, 1982

नत्थी 'क'

(देखिए पीछे पृष्ठ 6 पर)

माननीय सदस्यगण,

वर्ष 1982 के प्रथम सत्र के अवसर पर नव वर्ष की शुभ कामनाओं सहित मैं आपका हार्दिक स्वागत करता हूं। आपको सम्बोधित करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है।

मेरी सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन श्रमिकों, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के हित की रक्षा, उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार और समाज के निर्बल वर्ग के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को गरीबी की सीमा से ऊपर उठाने के लिए कटिबद्ध है। शासन की घोषित नीतियों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों के कमजोर तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े परिवारों को यथाशीघ्र सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता प्रदान करके उन्हें स्वावलम्बी, प्रगतिशील नागरिक बनाने एवं ग्रामीण अंचलों में बेरोजगारी को दूर करने व कृषकों को लघु सिंचाई की अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय भवनों के निर्माण की योजना के अन्तर्गत सितम्बर, 1981 तक उन्तीस हजार से अधिक भवन लाभार्थियों के लिए पूर्ण रूप से निर्मित हो चुके हैं और आशा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त तक इस योजना के अधीन पैंतालिस हजार से अधिक आवासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा। लघु सिंचाई योजना के माध्यम से सीमान्त लघु कृषकों को लघु सिंचाई के विभिन्न साधनों से विकास हेतु अनुदान देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। मेरी सरकार ने दिसम्बर, 1980 से राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना प्रारम्भ की है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और अतिरिक्त आय का अवसर प्रदान करना तथा सामुदायिक लाभ की स्थाई सृजन परिसम्पत्ति सृजित करना है। वर्ष 1981-82 से इस योजना को छठी पंचवर्षीय योजना का अंग मानकर कार्य किया जा रहा है ताकि अधिकाधिक सफलता प्राप्त हो सके। शासन द्वारा प्रदेश में अभी तक 892 पंचायत उद्योग स्थापित किए जा चुके हैं। इन उद्योगों के माध्यम से आगामी वर्ष में पांच करोड़ रुपए का वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जातियों तथा समाज के दुर्बल वर्ग के व्यक्तियों को गांव सभा तथा सीलिंग की आवंटित भूमि का वास्तविक कब्जा न मिलने की शिकायतें प्राप्त होने पर एक विशेष "कब्जा दिलाओ अभियान" प्रारम्भ किया गया। आवंटित भूमि से अनधिकृत कब्जा हटाने के लिए विधिक प्राविधानों में संशोधन भी किया गया है। अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की आवंटित भूमि पर दुबारा अनधिकृत कब्जा करने वालों के लिए तीन वर्ष तक कारावास और जुर्माने की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश में भूमि सुधार सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा करने तथा भूमि सुधार से सम्बन्धित नीतियों के निर्धारण में सुझाव देने हेतु उत्तर प्रदेश भूमि सुधार समिति का गठन किया गया है।

मेरी सरकार अनुसूचित जातियों के उत्थान एवं आर्थिक विकास के लिए विशेष कम्पोनेन्ट प्लान की योजना चला रही है। इस योजना के द्वारा छठी पंचवर्षीय योजना काल में लगभग पन्द्रह लाख परिवारों को निर्धनता रेखा से ऊपर उठाने का लक्ष्य है। शासकीय सेवाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन ने यह निर्णय लिया है कि यदि किसी चयन विशेष में आरक्षित रिक्तियों तक उपयुक्त अभ्यर्थी चयनित नहीं हो पाते हैं तो उस चयन के क्रम में एक समिति चयन केवल उक्त वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए किया जाय जिससे वांछित रिक्तियां इस प्रकार के अभ्यर्थियों से ही भरी जा सकें। सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के निर्धारित कोटे में सन्तोषजनक प्रगति हुई है।

मेरी सरकार का दृढ़ विश्वास है कि समाज के उत्थान के लिए चौबीस सूत्रीय कार्यक्रम नितान्त आवश्यक है। सरकार इस कार्यक्रम के सफल निष्पादन हेतु कटिबद्ध है। इस कार्य के सुव्यवस्थित सम्पादन तथा निर्देशन हेतु एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला स्तर पर कार्य के प्रभावी तथा समयबद्ध ढंग से कार्यान्वयन हेतु जिला स्तरीय समितियों का भी गठन किया गया है। कार्यक्रम के सूत्रों के कार्यान्वयन के मूल्यांकन की भी व्यवस्था की गयी है।

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सड़कों तथा पुलों के निर्माण का विशेष महत्व है। सड़कों के विषय में प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए मेरी सरकार यत्न प्रयत्नशील है। गांवों की दशा में सुधार लाने के लिए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थानीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए सड़कों और पुलों के निर्माण की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन क्षेत्रों को सम्पर्क मार्गों द्वारा मुख्य मार्गों से जोड़ने की उचित व्यवस्था की जा रही है।

वर्ष 1981–82 में 1100 किलोमीटर नए मार्गों का निर्माण तथा 1000 किलोमीटर मार्गों का पुनर्निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम लीबिया में भवनों के निर्माण का कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ईराक में 43 करोड़ रुपए की लागत से 13 सेतुओं का निर्माण कार्य कर रहा है। उनके कार्य की विदेशों में सराहना की गयी है। उक्त दोनों निगमों का कार्य अन्य देशों में भी फैलाया जा रहा है। औसतन सप्ताह में एक पुल तैयार किया जा रहा है और 34 बड़े सेतुओं का निर्माण पूरा किया जा चुका है।

राज्य में शान्ति और व्यवस्था बनाए रखने में जनता का बहुत सराहनीय सहयोग रहा है। आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ विभिन्न धर्मावलम्बियों द्वारा त्योहार मनाए गये। अध्यापकों और विद्यार्थियों के योगदान से परीक्षाएं सफलतापूर्वक सम्पादित हुयीं। आमतौर पर श्रम सम्बन्ध मधुर रहे हैं और कृषकों के हितों की पूरी रक्षा की गयी है। निर्बल वर्ग के प्रति अत्याचार को समाप्त करने और साम्प्रदायिकता को नष्ट करने के लिए मेरी सरकार कटिबद्ध है। डकैतों एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कारगर कदम उठाए गये। एक हजार से अधिक कुख्यात डाकू मारे गए और बहुत बड़ी संख्या में बन्दी बनाए गये। भारी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र व कारतूस बरामद किए गये। अन्य अपराधिक तत्वों के विरुद्ध भी प्रभावशाली कार्यवाही की गयी। जिससे अपराधों की संख्या में उल्लेखनीय कमी हुई। जिन परिवारों एवं व्यक्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा धन-जन की हानि पहुंचाई गयी उनके प्रति हमारी हार्दिक सम्वेदना है। उनके आंसुओं को दुष्टदलन के संकल्प द्वारा पोछने का प्रयास जारी रहेगा। इस अभियान में अनेकों पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बलिदान दिया तथा घायल हुए। शासन ने उनके आश्रितों को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की है और कुछ अन्य सुविधाओं को देने का भी निर्णय लिया है।

मेरी सरकार ने समाज के निर्बल वर्गों के व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशीय स्तर पर एक कानूनी सहायता एवं परामर्श परिषद् का गठन किया है। अड़तालिस जिलों में तथा दो तहसील मुख्यालयों पर कानूनी सहायता समितियां गठित की गयी हैं। विगत वर्ष में कानूनी सहायता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर ही छत्तीस सौ से अधिक विधिक मामलों का निस्तारण किया गया और इससे वादकारी जनता के श्रम, समय तथा व्यय की बचत हुई। आगामी वर्षों में इस कार्यक्रम में और तीव्रता लाई जायगी। डकैती प्रभावित बारह जिलों में विशेष न्यायालय स्थापति किए गये हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में आर्थिक अपराधों के मामलों के निस्तारण हेतु पचास जिलों में विशेष न्यायालयों की स्थापना की गयी है। उत्तरकाशी में जिला जज का न्यायालय स्थापित कर दिया गया है।

देश में खाद्यान्नों के उत्पादन में हमारे प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हर्ष का विषय है कि पिछले वर्ष प्रदेश में 244 लाख 96 हजार टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ जो प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक है। दैवी आपदाओं के बावजूद खरीफ की फसल अपेक्षाकृत अच्छी रही। दलहनी व तिलहनी फसलों के महत्व को देखते हुए उनके उत्पादन पर विशेष बल दिया जा रहा है।

कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए अधिकाधिक सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। समानान्तर निचली गंगा नहर तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में औगासी पम्प नहर से सिंचाई कार्य प्रारम्भ हो गया है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में चार नई बंधियां स्वीकृत की गयी हैं। नलकूपों की मरम्मत एवं रख-रखाव का विशेष अभियान चलाया गया, जिसके फलस्वरूप उनकी सिंचन क्षमता में पर्याप्त वृद्धि हुई। विश्व बैंक की सहायता से पाइलट प्रोजक्ट के रूप में चलाई गयी पांच सौ नलकूपों की योजना इस वर्ष के अन्त तक पूर्ण हो जाने की आशा है। इस योजना की सफलता को देखते हुए मेरी सरकार ने लगभग 4,500 नलकूपों की एक बहुत बृहद योजना विश्व बैंक से सहायता प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रस्तुत की है।

आपको विदित है कि गत वर्ष वर्षा की कमी के कारण रिहन्द, रामगंगा इत्यादि जलाशयों में जल-स्तर बहुत कम रहा। फलस्वरूप जल-विद्युत् के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। तथापि तापीय विद्युत् के उत्पादन में सुधार कर ग्रामीण अंचलों में यथासम्भव बिजली की आपूर्ति की जा रही है। उद्योगों में की गयी बिजली की कटौती में भी कमी की गयी। मेरी सरकार आगामी वर्ष में विद्युत् विकास हेतु विद्युत् उत्पादन में वृद्धि नई लाइनों का निर्माण करने, ग्रामीण विद्युतीकरण में तेजी लाने एवं हरिजन बस्तियों और निजी नलकूपों तथा पम्प सेटों को अधिकाधिक बिजली उपलब्ध कराने के लिए ने कृत संकल्प है। इस समय पारीक्षा (झांसी), टांडा (फैजाबाद), आनपारा (मिर्जापुर) तथा ऊंचाहार (रायबरेली) में तापीय परियोजनाओं एवं खोदरी, मनेरी माली एवं कई अन्य परियोजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। आनपारा तापीय विद्युत् गृह के निर्माण के अन्तर्गत 500 मेगावाट की दो इकाइयों की स्वीकृत अभी हाल ही में भारत सरकार से प्राप्त हुई है। मेरी सरकार द्वारा आगामी वर्ष में बिजली की कमी के परिपेक्ष्य में केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन 3,600 मेगावाट की पांच तापीय परियोजनाओं एवं 1525 मेगावाट की पांच जलीय परियोजनाओं की स्वीकृति शीघ्र प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहकारी संस्थाओं द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जा रही है। आलू की उपज को सुरक्षित रखने की सुविधा सहकारी क्षेत्र में स्थापित 47 शीतगृहों में उपलब्ध है जिसके फलस्वरूप आलू के क्षेत्रफल में पर्याप्त वृद्धि हुई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत न्याय पंचायत स्तरीय समितियों द्वारा दस हजार से ऊपर सस्ते गल्ले की दुकानें संचालित की जा रही हैं और इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में चीनी एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता में विशेष सुधार हुआ है।

यह हर्ष का विषय है कि मेरी सरकार खाद्यान्नों की उपलब्धता बनाए रखने में सफल रही है। प्रदेश में डीजल की उपलब्धता एवं उचित वितरण व्यवस्था को बनाये रखने के लिए प्रभावकारी कदम उठाए गये ह। किसानों से सीधे धान की खरीद तथा उन्हें उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से लगभग 1000 सेन्टर खोले गए हैं। प्रदेश में लगभग पांच लाख टन चावल की खरीद की गयी है जोकि पिछले वर्ष की खरीद से लगभग एक लाख पैंतीस हजार टन अधिक है। प्रदेश में सस्ते गल्ले की दुकानों के माध्यम से 41,767 टन चीनी बांटी जा रही है। यह आदेश दिए गये है कि अब किसी भी महीने का कोटा उपभोक्ता के लिए दो महीने तक व्यपगत नहीं होगा। खुले बाजार में गुड़ के थोक दाम गिरे है, जिस से आम जनता को राहत मिली है।

प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने के लिए प्रदेश के औद्योगीकरण में तीव्रता लाना नितान्त आवश्यक है। मेरी सरकार ने इस दिशा में एक संकलित नीति अपनाई है जिसके अन्तर्गत एक ओर भारी, मध्यम तथा लघु लघुतर और ग्रामीण उद्योगों के विकास के लिए विशेष बल दिया जा रहा है तथा दूसरी ओर पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगीकरण की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उद्यमियों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गयी है। इसकी सफलता को देखते हुए लघु उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिए उद्योग निदेशालय में एक "उद्योग बन्धु" कोष्ठक स्थापित किया गया है। शासन के प्रयासों के फलस्वरूप केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदेश में एक हजार छः सौ करोड़ रुपए की लागत के चार उर्वरक कारखानें स्वीकृत किए गये हैं। छठीं योजना काल में प्रदेश के निजी, सहकारी, सार्वजनिक एवं संयुक्त क्षत्र म लगभग चार हजार करोड़ रुपए की पूंजी का विनियोजन किया जायगा। मेरी सरकार ने प्रदेश के पिछड़ क्षेत्रों में औद्योगीकरण के लिए प्रत्येक जनपद में कम से कम एक बड़ा उद्योग स्थापित किए जाने की नीति अपनाई है।

मेरी सरकार बुनकरों की दशा सुधारने के लिए सदैव प्रयत्नशील है। हथकरघा वस्त्रों के उत्पादन में वद्धि के लिए जिला स्तर पर धाग की आपूर्ति हेतु बुनकर सघन क्षेत्रों में जिला बुनकर फेडरेशन की स्थापना का नया कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के बुनकरों को पर्याप्त मात्रा में सूत की आपूर्ति हेतु सार्वजनिक क्षेत्रों में वर्तमान आठ कताई मिलों की क्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ पांच नई कताई मिलों की स्थापना की जा रही है तथा सहकारिता क्षेत्रों में सात कताई मिलों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

प्रदेश में चीनी उद्योग के महत्व को ध्यान में रखते हुए तथा प्रदेश के गन्ना किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए, मेरी सरकार गन्ने की खेती और चीनी उद्योग के विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। शासन द्वारा एक ओर गन्ना किसानों को लाभकारी गन्ना मूल्य दिलाया गया। दूसरी ओर गन्ने के विकास तथा अनुसन्धान के कार्यक्रमों को नई दशा प्रदान की गयी। वर्ष 1979–80 में 155.31 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य के रूप में देय था। इसमें से 29 फरवरी, 1980 को 23.88 करोड़ रुपए बकाया था, जो 30 नवम्बर, 1981 को घटकर 13 लाख रुपए रह गया है। इस प्रकार वर्ष 1979–80 की बकाया का एक प्रमुख भाग मेरी सरकार के प्रयासों से समाप्त किया जा सका है। वर्ष 1980–81 में गन्ना का मूल्य 286.81 करोड़ रुपए देय था, उसमें 286.53 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है। इस वर्ष भी तत्परता से भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। यह भी प्रशंसनीय है कि वर्ष 1979–80 के लगभग 155 करोड़ की तुलना में वर्ष 1980-81 में 286 करोड़ रुपए अधिक से गन्ना का मूल्य दिया गया जो पहले के वर्ष की तुलना में 131 करोड़ अधिक था। इससे किसानों को बहुत लाभ हुआ। पांचवीं पंचवर्षीय योजना-काल में स्वीकृत तीन सहकारी चीनी मिलों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। छठी पंचवर्षीय योजन काल में सहकारी क्षेत्र में पांच नई चीनी मिलों की स्थापना का काय प्रारम्भ किया गया है और सहकारी क्षेत्र की कुछ चीनी मिलों की क्षमता के विस्तार का कार्यक्रम भी कार्यान्वित किया जा रहा है।

मेरी सरकार शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने तथा शिक्षकों के कल्याण के लिए सतत् प्रयत्नशील है। प्रदेश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अध्यापकों के चयन हेतु शिक्षा सेवा आयोगों एवं चयन बोर्डों के गठन के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है जिससे योग्य अध्यापकों का स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट चयन हो सकेगा। प्रदेश में दो वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के स्थान पर तीन वर्षीय पाठ्यक्रम लागू करने के लिए गठित उप समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है और उसके सम्बन्ध में शीघ्र निणय लिया

जायगा। प्राच्य शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए शासन न सर्वोत्तम पुस्तक पर एक लाख रुपए का पुरस्कार देने का निर्णय लिया हैं। उर्दू के विकास के लिए सरकार सतत् प्रयास कर रही है। अध्यापकों को पेंशन व मकान किराया भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

पिछड़ी जातियों के दशमोत्तर छात्रों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान किए जाने के प्रकरण में शासन ने वर्ष 1981-82 से पिछड़ी जातियों के छात्रों को लगभग 4 करोड़ रुपए की स्वीकृति निर्गत कर दी है और 2 करोड़ रुपए सामान्य वर्ग के ऐसे छात्रों को दिए जाने का निर्णय लिया है जिनकी आर्थिक दशा अत्यन्त पिछड़ी हुई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने "2,000 ई0 तक सबके लिए स्वास्थ्य" की उद्घोषणा की है। इसे मेरी सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के रूप में स्वीकार किया है। इस उद्देश्य से न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रयत्नशील है। जनसंख्या वृद्धि की रोकथाम के लिए परिवार कल्याण कार्यक्रम पूर्णतया स्वैच्छिक रूप से चलाया जा रहा है और नवीनतम तकनीक को प्रयोग में लाकर परिवार नियोजन के सरल साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शासन द्वारा संजय गांधी इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज, लखनऊ के प्रोजेक्ट का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

योजना संरचना की वर्तमान प्रक्रिया में इस आंशय से मौलिक परिवर्तन करने की आवश्यकता बहुत समय से अनुभव की जाती रही है कि प्रदेश की योजनाकों की संरचना नीचे से उभर कर आये। तद्नुसार आगामी वर्ष 1982-83 की योजना विकेन्द्रित आधार पर जन-प्रतिनिधियों के परामर्श से तैयार की गई है। प्रत्येक जनपद को जिला सेक्टर योजनाओं हेतु उनका परिव्यय इंगित कर दिया गया है और उनसे अपेक्षा की गयी है कि वे इस परिव्यय के आधार पर जिला योजनाएं तैयार करें। इस प्रकार वस्तुतः पहली बार जनपदों की योजनाएं प्रदेश की आगामी वर्ष 1982-83 की योजना का आधार बनी। मुझे विश्वास है कि अपेक्षित जन सहयोग से विकेन्द्रित नियोजन का यह प्रयोग सफल होगा। योजनाओं के मूल्यांकन की व्यवस्था जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर की गयी है।

प्रदेश के बहुमुखी विकास से सम्बन्धित अनेक विकास योजनाकों को संस्थागत वित्त उपलब्ध कराने कायप्रयास जारी है। वर्ष 1982 के लिए प्रदेश में कार्यरत लीड बैंकों द्वारा जिला ऋण योजनाएं तैयार की जा चुकी हैं। इसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन-निर्वाह कर रही व्यक्तियों को ऊपर उठाने के लिए वित्तीय सहायता सुलभ कराये जाने पर विशेष बल दिया गया है। आर्थिक विकास कार्यक्रम में लाभार्थियों को बैंकों से शीघ्रता से ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में क्रेडिट कैम्पों का व्यापक कार्यक्रम चलाया गया ह।

मेरी सरकार ने राज्यकर्मचारियों, स्थानीय निकायों के कर्मचारियों और सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए गठित वेतन आयोगों की संस्तुतियों पर अपना निर्णय घोषित कर दिया है और उन्हें कार्यान्वित करने की दिशा में विभिन्न विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसके फलस्वरूप लहेभग छः लाख तिहत्तर हजार राज्य कर्मचारी एवं चार लाख से अधिक सहायता प्राप्त शिक्षण तथा प्राविधिक संस्थाओं के कर्मचारी एवं एक लाख से ऊपर स्थानीय निकायों के कर्मचारी तथा लगभग डेढ़ लाख सेवा निवृत्त कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

नगरों और ग्रामीण अंचलों की आवासीय समस्या को सुलझाने के लिए सतत् प्रयास किया जा रहा है। आवास योजनाओं के कार्यन्वयन में उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् तथा विकास प्राधिकरण महत्व पूर्ण योगदान दे रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग लिए समुचित आवासों, भूखण्डों और दूकानों के आरक्षित आवंटन की नीति कार्यान्वित

की जा रही है । आवास समस्या को सहकारिता के माध्यम से सुलझाने के लिए भी प्रयत्न जारी हैं। शासन ने उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ को स्टैम्प ड्यूटी से मुक्त कर दिया है। भारतीय जीवन बीमा निगम तथा साधारण जीवन बीमा निगम से ऋण प्राप्त कर मकानों के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। विश्व बैंक की सहायता से कानपुर में मलिन बस्तियों के और नगरीय सुधार हेतु 45 करोड़ रुपए की योजना का कार्य तीव्र गति पर है। आशा है कि यह योजना 1985 तक पूर्ण हो जायगी। नगरों एवं ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ।

यह हर्ष का विषय है कि वर्ष 1981 में प्रदेश की श्रम स्थिति सन्तोषजनक रही । मेरी सरकार का यह विश्वास है कि औद्योगिक शान्ति तभी बनी रह सकती है जब सेवायोजक एवं श्रमिक, दोनों पक्ष, आपस में मिल बैठ कर विवादों का समाधान निकालें । यह प्रसन्नता की बात है कि इसी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए अनेक अवसरों पर विवादित समस्याओं का द्विपक्षीय वार्ताओं, त्रिदलीय सम्मेलन तथा पंचनिर्णय द्वारा समाधान कराने का सफल प्रयास किया गया है । प्रदेश में पहली बार स्वच्छकारों और वन श्रमिकों की कार्य-दशाओं में सुधार तथा उनको कल्याण कारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। 50,000 रुपए से अधिक की धनराशि जिन प्रतिष्ठानों में बाकी है उसे भू राजस्व के बकाया की तरह वसूल किया जायगा। प्रदेश में सहभागिता की योजना के अन्तर्गत दो सौ या उससे अधिक कर्मचारी नियोजित करने वाले राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उत्पादनरत प्रतिष्ठानों में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व दिए जाने की सक्रिय कार्यवाही की जा रही है ।

मोटर गाड़ी अधिनियम के अन्तर्गत करों की अदायगी में जनता को सुविधा देने हेतु मोटर गाड़ियों से सम्बन्धित करों के एकीकरण पर शासन सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। निजी सवारी गाड़ियों के परमिटों को उदारतापूर्वक वितरित करने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम जनता को सस्ती एवं आराम-देह परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने में सतत प्रयत्नशील है ।

सरकार वनों के क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। आगामी वर्ष में 20 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है और विश्व बैंक की सहायता से सामाजिक वानिकी योजना के अन्तर्गत लगभग चौदह हजार पांच सौ हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है ।

मेरी सरकार प्रदेश के पर्वतीय अंचलों के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है । इस कार्य में केन्द्रीय सरकार का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। पांचवीं पंचवर्षीय योजना में इंगित 200 करोड़ रुपए की विशेष केन्द्रीय सहायता की अपेक्षा छठी योजना अवधि में इस निमित्त 350 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विशेष केन्द्रीय सहायता अब 50 प्रतिशत अनुदान और 50 प्रतिशत ऋण के स्थान पर 90 प्रतिशत अनुदान तथा 10 प्रतिशत ऋण के रूप में होगी। समेकित जलग्रहण प्रबन्ध योजनाओं पर सहायता हेतु विश्व-बैंक की टीम द्वारा विचार किया जा रहा है । पर्वतीय क्षेत्र की योजनाओं के निरूपण, क्रियान्वयन आदि के लिए राज्य नियोजन संस्थान के अन्तर्गत पृथक प्रभाग स्थापित किया जा रहा है ।

माननीय सदस्यगण, मैंने आपके सम्मुख सरकार की प्रमुख नीतियों और उसके द्वारा किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त रूपरेखा रखी है। वर्तमान सत्र में आपके सम्मुख वित्तीय वर्ष 1982–83 का आय-व्ययक भी प्रस्तुत किया जायेगा जिसे पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायगी । इस बीच जब दोनों सदन सत्र में नहीं थे, मैंने कतिपय अध्यादेश प्रख्यापित किए थे। इनसे सम्बन्धित विधेयकों तथा अन्य महत्वपूर्ण विधेयक, जिनकी सूचना आपको अलग से दी जा चुकी है, आपके सम्मुख रखे जायेंगे ।

माननीय सदस्यगण, यह प्रदेश अपनी गौरवमयी परम्पराओं, राष्ट्रीय एकता तथा सहिष्णुता के लिए प्रसिद्ध रहा है। जनतंत्रीय प्रणाली मान्य परम्पराओं तथा मर्यादाओं पर आधारित है। राजनैतिक मतभेद के होते हुए भी शासन को अपना कार्य करने का अवसर प्रदान करना ही जन-तन्त्र का आधारशिला है। इस प्रदेश को आगे बढ़ाने का गुरुतर भार आपके कन्धों पर है। मुझे आशा है कि आप इस प्रदेश को समृद्धि की राह पर ले चलेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं आपको अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आहूत करता हूं।

जयहिन्द।

विधान सभा सचिवालय उत्तर प्रदेश

पी० एस० यू० पी० ओ०—हि० 313 वि० सभा (568)—1982—813।